**03/05**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज नई दिल्ली के धीरपुर में नए बने 'अरुणाचल निवास' का उद्घाटन किया। यह राज्य सरकार के उन लगातार प्रयासों में एक अहम पड़ाव है, जिनका मकसद राज्य से बाहर रहने वाले या यात्रा करने वाले नागरिकों की भलाई के लिए बुनियादी ढांचे को मज़बूत करना है। छब्बीस सौ वर्ग मीटर में फैला और कुल सात हजार एक सौ अट्ठानबें वर्ग मीटर के निर्मित क्षेत्र वाला यह G+8 (ग्राउंड-प्लस-आठ मंज़िला) भवन, 8 डॉरमेट्री (हर एक में 6 बिस्तर), अट्ठारह डबल-बेड वाले कमरे, पैंतीस ट्विन-बेड वाले कमरे, छह विशेष रूप से दिव्यांगों के लिए डिज़ाइन किए गए कमरे, कर्मचारियों के लिए एक अलग डॉरमेट्री और सुचारू व कुशल प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त कार्यालय स्थान से सुसज्जित है।

0000000000000000000000

अरुणाचल की MMA फाइटर सोनम ज़ोम्बा ने शनिवार को Matrix Fight Night 18 में अपने MFN स्ट्रॉवेट वर्ल्ड टाइटल का सफलतापूर्वक बचाव किया। उन्होंने तीसरे राउंड में आर्मबार सबमिशन के ज़रिए ब्राज़ील की मैरिस्टेला एल्व्स को हराया। अरुणाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए, ज़ोम्बा ने MFN 17 में चैंपियन बनने के बाद अपने दूसरे टाइटल का बचाव किया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने उन्हें राज्य की उत्कृष्टता का एक गौरवपूर्ण प्रतीक और पूरे भारत व उससे बाहर के युवा एथलीटों के लिए एक सच्ची प्रेरणा बताया।

00000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश में टैक्स प्रशासन को मज़बूत करने और टैक्स देने वालों को बेहतर सेवाएँ प्रदान करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए, शनिवार को ईटानगर के मोरस-II में बने नवनिर्मित GST भवन का उद्घाटन किया। इस भवन का औपचारिक उद्घाटन केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के सदस्य (अनुपालन प्रबंधन/ज़ोनल सदस्य) सुरजीत भुजबल ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह नई इमारत टैक्स देने वालों को बेहतर सेवाएँ प्रदान करने और पूर्वोत्तर क्षेत्र में प्रशासनिक क्षमताओं को मज़बूत करने के लिए एक अहम केंद्र के तौर पर काम करेगी।

000000000000000000000

नॉर्थ ईस्टर्न काउंसिल, शिलांग के सदस्य, आई ए एस तेनज़िंग नोरबू थोंगदोक और लोंगकी फांगचो, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (DoNER) ने आज खिनजिली, रोइंग स्थित RIWATCH का दौरा किया। उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री मुकुथ मिथी भी शामिल थे। इस दौरे के दौरान उन्होंने चल रही NEC-समर्थित परियोजना का निरीक्षण किया, जिसे RIWATCH द्वारा लागू किया जा रहा है। इस परियोजना का नाम है - "अरुणाचल प्रदेश की मातृ भाषाओं का संवर्धन और साहित्यिक विकास"। श्री थोंगदोक ने केंद्र के इस अग्रणी कार्य की सराहना करते हुए इस बात पर ज़ोर दिया कि इस तरह के भाषाई डेटा को भविष्य की पीढ़ियों के लिए व्यवस्थित रूप से संग्रहीत किया जाना चाहिए।

उन्होंने आश्वासन दिया कि वे इस परियोजना के दायरे को मज़बूत करने और उसका विस्तार करने के तरीकों पर विचार-विमर्श करने के लिए NEC के अन्य सदस्यों के साथ आगे भी चर्चा करेंगे।

0000000000000000000000

आज अरुणाचल प्रेस क्लब में 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस' मनाया गया, जिसमें एक डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। इस कार्यक्रम में पत्रकार और मीडिया पेशेवर एक साथ आए, ताकि एक स्वतंत्र और ज़िम्मेदार प्रेस के महत्व को उजागर किया जा सके। इस डॉक्यूमेंट्री में दुनिया भर के पत्रकारों के सामने आने वाली चुनौतियों को दिखाया गया और प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा की ज़रूरत पर ज़ोर दिया गया। इस मौके पर बोलते हुए, अरुणाचल प्रदेश यूनियन ऑफ़ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के अध्यक्ष डोडुम यांगफ़ो ने लोकतंत्र में मीडिया की अहम भूमिका पर ज़ोर दिया और इसे पारदर्शिता और जवाबदेही का एक स्तंभ बताया। उन्होंने पत्रकारों से आग्रह किया कि वे तमाम चुनौतियों के बावजूद नैतिक रिपोर्टिंग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखें।

00000000000000000000000

स्पीयर कोर की स्पीयर डिवीज़न ने लिकाबाली में 'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली वर्षगांठ मनाई। इस कार्यक्रम में भारतीय सेना, स्थानीय छात्रों और समुदाय के नेताओं को एक साथ लाकर, ऑपरेशन की उपलब्धियों का सम्मान किया गया और इस क्षेत्र में नागरिक-सैन्य साझेदारी को और मज़बूत बनाया गया।

इस कार्यक्रम में एक ऑपरेशनल ब्रीफिंग, हथियारों और उपकरणों की एक प्रदर्शनी, और लिकाबाली तथा सिलापाथर क्षेत्र के छात्रों के लिए एक चित्रकला प्रतियोगिता शामिल थी। इन सभी गतिविधियों का उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने में सेना की भूमिका को उजागर करना और साथ ही स्थानीय एकता को बढ़ावा देना था।

0000000000000000000

लोअर सुबनसिरी में पशुपालन, पशु चिकित्सा और डेयरी विकास विभाग ने शनिवार को सीरो डेयरी विकास फार्म में 'फुट एंड माउथ डिजीज' (FMD) टीकाकरण कार्यक्रम के 7वें द्विवार्षिक चरण की आधिकारिक तौर पर शुरुआत की। यह पहल 16 जुलाई, 2026 तक जारी रहेगी। यह महत्वपूर्ण स्वास्थ्य अभियान, भारत सरकार के उस राष्ट्रीय लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में एक स्थानीय प्रयास है, जिसके तहत वर्ष 2030 तक FMD को पूरी तरह से खत्म करने का लक्ष्य रखा गया है।

0000000000000000000000

भारत आ रहे मार्शल आइलैंड्स ध्वज के एल.पी.जी. टैंकर, एमटी सर्व शक्ति, ने होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित पार कर लिया। इसमें छयालीस हजार तीन सौ तेरह मीट्रिक टन एलपीजी है और 18 भारतीयों सहित चालक दल के 20 सदस्य सवार हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार इस टैंकर के 13 मई तक विशाखापत्तनम पहुंचने की उम्मीद है।

000000000000000000000

पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु, असम और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों के लिए वोटों की गिनती कल होगी। असम की सभी एक सौ छब्बीस, केरल की एक सौ चालीस और पुडुचेरी की तीस सीटों के लिए मतदान 9 अप्रैल को हुआ था। तमिलनाडु की दो सौ चौतीस विधानसभा सीटों और पश्चिम बंगाल की दो सौ तिरानबें विधानसभा सीटों के लिए भी वोटों की गिनती कल होगी।

0000000000000000000

मौसम विज्ञान केंद्र, ईटानगर ने अरुणाचल प्रदेश के वेस्ट कामेंग, कुरुंग कुमे, ईस्ट सियांग, लोहित और लोंगडिंग जिलों में कुछ जगहों पर भारी बारिश के साथ आंधी और बिजली गिरने का 'येलो अलर्ट' जारी किया है। इसके अलावा, उसने अंजाव जिले में भी भारी बारिश का अनुमान लगाया है।

0000000000000000000000